पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित हुआ स्वल्पाहार कार्यक्रम</u>

<u>राज्यपाल ने अतिथियों से की गर्मजोशी से भेंट</u>

लखनऊः 15 अगस्त, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज राजभवन में आयोजित स्वल्पाहार समारोह में उपस्थित महानुभावों से भेंट कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, राज्यमंत्री डॉ0 महेन्द्र सिंह, पूर्व राज्यपाल सैय्यद सिब्ते रज़ी, पूर्व सांसद एवं मंत्री श्री लालजी टण्डन, पूर्व मंत्री डॉ0 अम्मार रिज़वी, पूर्व मंत्री स्वरूप कुमारी बक्शी, मुख्य सचिव डॉ0 अनूप चन्द्र पाण्डेय, मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर मेरठ से आये श्री महेन्द्र कुमार धानक, श्री पवन धानक, श्री राजीव सिंह, श्री आजाद खां, श्री राकी लोधी व श्री अनन्त लाल की टीम ने क्लारनेट वादन (आधुनिक शहनाई) की प्रस्तुति भी दी। क्लारनेट वादन टीम के कार्यक्रम आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर भी प्रसारित होते हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (314/21)